# SAHARA
A SOCIAL WELFARE ORGINAIZATION

## साधारण सभा के सम्मेलन में प्रस्तुत-अठारहवॉ वार्षिक प्रतिवेदन

दिनांक –11.04.2021 **2020-2021** स्थान :–सागर कार्यलय

आज दिनांक -११.०४.२१ को आयोजित वार्षिक सम्मेलन में सहारा संस्थान के सचिव श्री मनीष सेन द्वारा वर्ष २०२०-२०२१ में संस्थान द्वारा सम्पन्न गतिविधियों की रिर्पोट प्रस्तुत की गयी । बेठक में समिति के सभी सदस्यों ने भाग लिया ।

## संस्थान द्वारा संचालित गतिविधियां

### पर्यार्विवरण जागरूकता अभियान :–

**पर्यावरण जागरूकता अभियान के अर्न्तगत सागर नगर एवं स्कूलों में पर्यावरण संरक्षण,पालीथिन का दुरूपयोग रोकने , भु जल संरक्षण , वृक्षारोपण सुाई अभियान जेसे महत्व पूर्ण विषयों पर चेतना जागृत करने का अभियान चलाया । जिसमें नगर के गंणमान्य नागरिको सहित स्कूलों तथा महाविद्यालयों के छात्र छात्रो ने भी वड़ चड़ कर भाग लिया ।**

वृक्षारोपण करते संगठन के सदस्य व गाम जन




समिति सदस्य द्वारा सफाई कार्यक्रम



कार्यशाला में पधारे अतिथि गण





# SAHARA
A SOCIAL WELFARE ORGINAIZATION

# महिला दिवस का आयोजन :–

महिला दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं की आत्मनिर्भर बनाने की प्रेरणादायी प्रसंग प्रस्तुत किये गये जिसमें नाट्क, भजन संध्या एवं प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया गया साथ ही निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही एक निःशुल्क महिला स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र अलग से किया जायेगा। जिसमें महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने हेतु प्रयास किये जायेंगे। इस कार्यक्रम में महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी आगनबाडी कार्यकर्ता सहायिका स्कुल छात्राओ ने सहभागिता की।

## ❖ स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस पर कार्यकम :–

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में संगठन द्वारा सुर्य की प्रभात किरणों के साथ ध्वजा रोहण किया गया। तत्पश्चात् राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत का गायन किया व शांति के प्रतीक सफेद कबूतर को खुले आकाश में छोड़ा गया। तत्पश्चात् संचालक व समस्त सदस्यों ने भारत के अमर शहीदों की याद में दो मिनिट मौन रहकर श्रृद्धांजली अर्पित की , प्रभातफेरी निकाली गयी, बापू एवं पं. नेहरू की प्रतिमा पर श्रृद्धा सुमन अर्पित किये गये। एवं स्कूली छात्रों के मध्य सूचना प्रोद्योगिकी के लाभ के विषय पर बाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजित की गई तथा विजयी छात्रों को पुरूस्कार वितरित किये गये ।

## कोविड खाद्य वितरण



कोविड के दौरान संस्था द्वारा सहारा जन कल्याण समिति के सहयोग से एवं समिति के अपने सदस्यों के दान द्वारा असहाय एवं गरीब लोगों तक खाद्य सामग्री पहुंचाई गई प्रत्येक परिवार को 10 किलो आटा 2 लीटर तेल नमक जनाब मिर्च हल्दी एवं दैनिक उपयोगी सामग्री वितरित की गई कुल 100 परिवारों को समिति द्वारा संयुक्त रुप से कोविड के दौरान खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।



**SAHARA**

A SOCIAL WELFARE ORGINAIZATION

# कोरोना वैक्सीनेशन के तहत 250 लोगों का किया टीकाकरण

संस्था द्वारा कोरोना महामारी के दौर में जिला चिकित्सालय और विधायक श्री शैलेंद्र जैन के विशेष सहयोग से गांधी चौक वार्ड में टीकाकरण कैंप का आयोजन श्री देव तारण तरण जैन चौत्यालय में किया गया। यह टीकाकरण विक्रम सोनी, वेलविशर्स सोशल वेलफेयर सोसाइटी और समाज सेवी संस्था महिला स्वाभिमान मंडल समिति व तारण तरण ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। जिसमें लगभग 250 हितग्राहियों का टीकाकरण हुआ। टीकाकरण अभियान में जिला चिकित्सालय की टीम में विकास सैनी आकाश केसरवानी, सविनय गुप्ता, आशा सिरोठिया, गांधी चौक वार्ड की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं मौजूद रही। अभियान के लिए डॉ हरिषंकर सेन श्री देव तारण तरण ट्रस्ट ने अपनी धर्मशाला धर्मशाला निशुल्क उपलब्ध कराई। इस दौरान अंकित जैन, चंकी समैया, राजेश रिंकू नामदेव, विनीत भट्ट, सुजीत समैया, शैलेंद्र समैया, राधेश्याम सोनी, अनुराग ब्रजपुरिया, राहुल सोनी, दिनेश समैया, संजय पांडे, अमित भट्ट आदि ने विशेष सहयोग किया।

## ❖ एड्स विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन :—

एड्स विषय पर दो शासकिय महाविद्यालय देवरी में दिवसीय कार्यषाला का आयोजन किया गया। जिसमें एड्स से बचने के उपायों पर प्रकाश डाला गया। एड्स एक जानलेवा बीमारी है, जिस पर एक परिचर्चा हुई जिसमें प्रथम दिवस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देवरी बी.एम.ओ. ने अपने उद्बोधन दिये एवं एड्स के संबंध में जानकारी दी। दूसरे दिन म.प्र.एडस नियंत्रण समिति द्वारा संचालित टी.आई परियोजना सागर के परियोजना समन्वयक श्री ने एड्स के संबंध में जानकारी दी एवं बताया कि अब यदि लोग सावधानी बरते एवं जगरूक रहें तो इससे बचा जा सकता हैं ।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम

## ❖ गुरू देव राविन्द्र नाथ टैगौर पर चित्रकला प्रर्दशनी का आयोजन

दिनांक २५/०५/२०२० को ही टैगोर जी के छाया चित्रों पर आधारित चित्र कला प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। जिसमें प्रतियोगिता दो वर्गो में आयोजित हुई। वर्ग अ में ६ से १५ साल के बच्चे व वर्ग ब में १६ से ऊपर के बच्चों ने हिस्सा लिया। कला भवन रामपुरा सागर व बाल भवन मकरोनियां सागर के लगभग २०० विद्यार्थियों ने टैगोर जी के छायाचित्रों को बनाया। जिसमें कला भवन की संचालिका श्रीमती बेलापुरकर व आदर्श संगीत महाविद्यालय से श्री अरशद खान प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में थे जिन्होंने वर्ग अ एवं वर्ग ब के विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान देकर उनकी कला को प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान लेकर उनकी कला को प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान के अलावा सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिये गये।

## गो–सेवा कल्याण








## सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशला

सड़क सुरक्षा जागरूकता पर समिति पर दो दिवसीय कार्यषाला का आयोजन किया जिसमें अध्यक्ष चंकी समैया द्वारा बताया गया कि धरती पर हरेक इंसान के द्वारा सड़क सुरक्षा पर पूरा ध्यान देना चाहिये चाहे वो वाहन का इस्तेमाल करता हो या नहीं। बड़ों के मार्गदर्शन की कमी के कारण सड़क हादसों, छोटी चोट या बड़ी चोटें यहाँ तक की मृत्यु की ओर बच्चे और विद्यार्थी सबसे कमजोर समूह हैं। उनके शुरुआती समय में सड़क सुरक्षा नियमों और उपायों के बारे में बच्चा को अच्छे से जागरुक बनाने में कोई देर नहीं होनी चाहिये। ये माता–पिता और शिक्षकों का कर्तव्य है कि वो उन्हें अच्छे से मार्गदर्शन दें। सड़क किनारे हादसें, चोट और मृत्यु को टालने के लिये बहुत महत्वपूर्ण पहलूओं में से एक है सड़क पर लोगों की सुरक्षा। दुर्घटनाओं और मृत्यु की पूरी सूचना के बारे में राष्ट्रीय सांख्यिकीय आँकड़ों के आधार पर सड़क सुरक्षा के महत्व का हम मूल्यांकन कर सकते ।

सभी सड़क समस्याओं से बचने के लिये निम्न सभी सड़क सुरक्षा उपाय बहुत मदद करते हैं। सड़क सुरक्षा के कुछ प्रभावकारी उपाय हैं जैसे वाहन के बारे में मूल जानकारी, मौसम और सड़क के हालात के अनुसार रक्षात्मक चालन, वाहन लाईटों और हॉर्न का प्रयोग, सीट पेटीका पहनना, वाहन शीशा का सही प्रयोग, अधिक–गति से बचना, रोड लाईट को समझना, सड़क पर दूसरे वाहनों से दूरी बना के रखना, परेशानी की स्थिति को संभालने की उचित समझ, टी.वी पर डॉक्यूमेंटरी जागरुकता का प्रसारण आदि।

वाहनों के टकराव और उचित सड़क सुरक्षा उपायों की अनदेखी के कारण सड़क हादसा बेहद आम होता जा रहा है। लोगों द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी और वाहनों की भिड़ंत से हादसों से होने वाली मौतों की संख्या बढ़ रही है। सभी सड़कें पूरे दिन के लिये व्यस्त होती हैं जहाँ वाहन अपने उच्च गति से दौड़ती है। आज की दुनिया में लोगों को अपने नीजि वाहनों की आदत है जिसकी वजह से सड़कों पर यातायात की समस्या पहले के मुकाबले ज्यादा बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में, सावधानीपूर्वक सुरक्षित चालन की क्रिया के लिये यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा नियमों का अनुसरण लोगों से अपेक्षित है। तब जाकर कहीं सड़क हादसों पर काबू पाया जा सकेगा।

## ❖ पल्स पोलियो राष्ट्रीय अभियान में सहभागीता :-

पल्स पोलियो राष्ट्रीय अभियान के तहत ० से ५ वर्ष तक के २२५ बालक एवं बालिकाओं को पोलियो की खुराक पिलाई गयी एवं प्रोत्साहन स्वरूप खिलोने वितरित किये गये।

## नशा मुक्ति कार्यक्रम

नशा मुक्ति पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें युवाओं पर बढ़ती नशे और उसके दुष्प्रभाव पर लोगों को जानकारी दी गई कार्यक्रम के मुख्य वक्ता समिति के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि आज के समय में अधिकतर युवा वर्ग नशे की ओर झुक रहा है। युवा जो हमारे देश का उज्ज्वल भविष्य होते हैं, वे आज नशे की बुरी लत में पढ़कर अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। यहां तक आज के समय में पुरुष तो पुरूष बहुत सी महिलाएं भी नशे की चपेट में आ रही हैं। भारत में नशे का सेवन बिल्कुल हवा की तरह फैल रहा है और बहुत सी लोगों की ज़िंदगियाँ खराब कर रहा है। बहुत से लोग इसका सेवन केवल अपनो लाइफस्टाइल को मेन्टेन करने के लिए करते हैं। आज के समय हालात यह है कि बहुत से घर नशे की वजह से बर्बाद होते जा रहे हैं। लोग नशा करने के बाद अपना होश खो देते है और वे घर जाकर अशांति फैलाते हैं। अपने परिवारजनों से मार पीट करते हैं और गाली गलौज करते नज़र आते हैं। इसके साथ साथ मानसिक स्तर व सामाजिक स्तर भी बहुत प्रभावित होता है। नशे की वजह से ही हमें आर्थिक स्थिति का भी सामना करना पड़ता है। नशे की वजह से ही इंसान बर्बाद होता चला जाता है और इसी के चलते वो घर के लड़ाई झगड़े, मोहल्ले वालों से झगड़े और हर जगह तमाशा करने लगता है। अपना तो तमाशा बनाता ही बनाता है और अपने परिवार की भी इज़्ज़त को मिट्टी में मिला देता है।

### सामाजिक गतिविधियों की एक नजर छाया चित्र एवं समाचार पत्र










# SAHARA
A SOCIAL WELFARE ORGINAIZATION

## सामाजिक गतिविधियों की



















कोविड खाद्य वितरण एक नजर छाया चित्र की और


















# SAHARA

A SOCIAL WELFARE ORGINAIZATION

Team Spirit

एक नजर छाया चित्र एवं समाचार पत्र

## अभियान... वेलविशर सोशल वेलफेयर ने पर्यावरण को बढ़ावा देने 105 पौधे रोपे



**सागर |** मंगलवार को शहर की संस्था वेलविशर सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए पौधारोपण किया। इंडस्ट्रियल एरिया सिदुआं, सागर पर संस्था के समस्त सदस्यों के नाम से करीब 105 पौधे रोपे गए। साथ ही कोरोना काल में हुई अपने करीबियों की गमी पर उनकी स्मृति में भी 21 पौधे रोप कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान अध्यक्ष चंकी समैया, अंकित अग्रवाल, रजत जैन, नीरज जैन, परेश समैया, आकाश निरंकारी का विशेष सहयोग रहा।

## सफाई कर्मचारियों का किया सम्मान




**सागर |** सामाजिक संस्था वेलविशर सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने मंगलवार को गांधी चौक वार्ड में कार्यरत नगर निगम के सफाई कर्मियों द्वारा कोरोना काल में दी गई सेवाओं के लिए कोरोना वॉरियर के तौर पर सम्मानित किया। कर्मचारियों पर फूलों की वर्षा कर के साथ सभी को नए कपड़े वितरित किए गए। कार्यक्रम में सफाई कर्मचारियों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया गया। इस मौके पर सोसायटी के अध्यक्ष चंकी समैया, विक्रम सोनी, विनीत भट्ट, लक्की जैन, शिरीष समैया, रजत जैन, परेश समैया, द्वारका भट्ट, आनंद समैया एवं वार्डवासी मौजूद थे।

## कोरोना वैक्सीनेशन के तहत 250 लोगों का किया टीकाकरण



**सागर |** कोरोना महामारी के दौर में जिला चिकित्सालय और विधायक श्री शैलेंद्र जैन के विशेष सहयोग से गांधी चौक वार्ड में टीकाकरण कैंप का आयोजन श्री देव तारण तरण जैन चैत्यालय में किया गया। यह टीकाकरण विक्रम सोनी, वेलविशर्स सोशल वेलफेयर सोसाइटी और समाज सेवी संस्था महिला स्वाभिमान मंडल समिति व तारण तरण ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। जिसमें लगभग 250 हितग्राहियों का टीकाकरण हुआ। टीकाकरण अभियान में जिला चिकित्सालय की टीम में विकास सैनी आकाश केसरवानी, सविनय गुप्ता, आशा सिरोठिया, गांधी चौक वार्ड की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं म... रही। अभियान के लिए श्री देव तारण तरण ट्रस्ट ने अ... धर्मशाला धर्मशाला निशुल्क उपलब्ध कराई। इस दौरान अ... जैन, चंकी समैया, राजेश रिंकू नामदेव, विनीत भट्ट, स... समैया, शैलेंद्र समैया, राधेश्याम सोनी, अनुराग बजपुरिया, ... सोनी, दिनेश समैया, संजय पांडे, अमित भट्ट आदि ने ... सहयोग किया।

## कोतवाली में शिविर, पुलिस वालों के दांतों का परीक्षण

**सागर |** कोतवाली में पुलिसकर्मियों के लिए दांत परीक्षण एवं नशा मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। वैल विशर एजुकेशन एवं वेलफेयर सोसाइटी की ओर से आयोजित शिविर में डाक्टरों ने पुलिसकर्मियों के दांतों का परीक्षण किया एवं नशे से होने वाली बीमारियों के बारे में अवगत कराया। इस मौके पर सीएसपी गौतम सोलंकी, टीआई नवल आर्य, संस्था अध्यक्ष चंकी समैया सहित सदस्य उपस्थित थे।

SECRETARY
Sahara Jan Kalyan Sami
REHLI Sagar (M.P.)

## बंदर को खिलाए ककड़ी-टमाटर

सागर. कोविड-19 नोबेल कोरोना वायरस की वजह से मानव निर्भर पशु पक्षी आदि भी भूख से बेहाल हैं। गढ़पहरा स्थित हनुमान मंदिर में कोरोना महामारी के चलते श्रद्धालुओं का आना-जाना बंद है। जिससे गढ़पहरा मंदिर क्षेत्र में रहने वाले सैकड़ों बंदर भूख-प्यास से बेहाल हैं। मंगलवार को गायत्री परिवार ने लगभग 1 क्विंटल ककड़ी, टमाटर और गोभी बंदरों के लिए खिलाए।



## पुराने चप्पल जूते एकत्रित कर मजदूरों की मदद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क

सागर. घर में पुराने जूते, चप्पल, साड़ी, पानी की बॉटल, चश्मे, टोपी, गमछे, दुपट्टे जैसा सामान जिसका आप उपयोग नहीं कर रहे होते ऐसे सामान को शहर के कुछ युवा एकत्रित कर रोजाना हाइवे या फोर-लाइन में जाकर दूसरे शहरों से घर लौट रहे मजदूरों को दे रहे हैं।

युवाओं के इस ग्रुप ने मंगलवार को लेहदरा नाके पर 290 मजदूरों की मदद की। युवाओं का कहना है कि इस प्रकार की पहल से लंबे समय से व्यर्थ जमा यह सामान जरूरतमंदों के काम आएगा। वहीं शहर में कई ऐसे युवा है जो इस तरह की पहल करके मजदूरों की मदद कर सकते है, क्योंकि कॉलोनियों से भारी तादाद में ऐसा सामान एकत्रित हो सकता है जहां तक हम पहुंच सकते है वहां से हम रोजाना सामान एकत्रित कर रहे है। वहीं इस कार्य में रोजाना युवा जुड़ रहे है।

इस कार्य में शहर के टीनु निर्मल, सिद्धार्थ सिंघई, मनीष सोनी, लक्की जैन, चंकी समैया, परेश समैया, अंकित अग्रवाल, अजय सेन, शशांक पंचरतन, गौतम आदि नियमित कार्य कर रहे है।

